पेज थ्री देहरादून

एनएसयूआइ प्रधानमंत्री का जन्मदिन राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाते हुए।

देहरादून शुक्रवार 18 सितंबर 2020

# हमारा दून






## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने अनु सचिव हरि सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तराखंड सचिवालय के अनु सचिव हरि सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### पीएम के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने की पूजा अर्चना और दीर्घायु की कामना

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 साल पूरे होने पर उत्तराखंड में भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने पूजा अर्चना कर उनकी दीर्घायु की कामना की। इस दौरान कार्यकर्त्ताओं ने सोशल मीडियो के माध्यम से भी जन्मदिन की बधाई संदेश भेजा। ऋषिकेश में भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून की और से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में तिरुपति बाला जी मंदिर में भगवान तिरुपति की पूजा अर्चना कर उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना की।

### पांच दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। दून योगपीठ देहरादून के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर पांच दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन रखा गया है और इस कड़ी में आज योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर दून योग पीठ के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग के लिए काफी महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं किन्तु अभी योग बेरोजगारों, योग के लिए शोध, भारत के गावों को वेलनेस का एक बड़ा हब बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है।

### गृहमंत्री अमित शाह के पुतले का दहन किया गया

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली दंगों की जांच के नाम पर केन्द्र के गृह मन्त्री अमित शाह के इशारे पर दिल्ली पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों को गिरफ्तार करना तथा सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बुद्धिजीवियों को झूठे केस में फसाने के विरोध में राजपुर रोड़ स्थित कार्यालय के बाहर गृहमंत्री अमित शाह के पुतले का दहन किया गया।
इस अवसर पर वक्ताओं ने सरकार के इन कृत्यों की जोरदार निन्दा की गई। इस अवसर वक्ताओं ने कहा कि अमितशाह के इशारे पर दिल्ली पुलिस दिल्ली दंगों के मुख्य आरोपियों कपिल मिश्रा ,सरकार के मन्त्री अनुराग ठाकुर आदि दोषियों को बचाते हुए निर्दोषों तथा निरही जनता पर अत्याचार करने में लगी है।

# सीएम ने कुपोषण मुक्त बच्चों के अभिभावकों को किया सम्मानित

**गोद अभियान**

■प्रधानमंत्री ने कुपोषण मुक्त भारत का जो अभियान चलाया हैः मुख्यमंत्री

■बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने में माँ की महत्वपूर्ण भूमिका होती

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास स्थित जनता दर्शन हॉल में कुपोषण मुक्त उत्तराखण्ड के लिए शुरू किये गये गोद अभियान में कुपोषण मुक्त बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस है।

प्रधानमंत्री ने कुपोषण मुक्त भारत का जो अभियान चलाया है। इस दिशा में स्वयं सेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों को गोद लेकर उनको कुपोषण मुक्त करने की दिशा में अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान, प्लाज्मा डोनेट, अस्पतालों में फल वितरण के कार्यक्रम किये जा रहे हैं। देश भर में यह पूरा सप्ताह सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि एक वर्ष पूर्व अति कुपोषित बच्चों को गोद लेने का जो अभियान शुरू किया गया था, इसके अच्छे परिणाम रहे। बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने में माँ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों की नियमित एवं संतुलित खान–पान से कुपोषित बच्चे जल्द सामान्य श्रेणी में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे के कुपोषित होने पर उसका नुकसान न केवल बच्चे के माता–पिता पर पड़ता है, बल्कि पूरे समाज को इसका नुकसान होता है। कुपोषण मुक्त भारत बनाने के लिए हम सबको प्रयास करने होंगे।

इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आशीष श्रीवास्तव, निदेशक महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग डॉ. वी. षणमुगम आदि उपस्थित थे।



### गोद अभियान को आगे भी जारी रखा जायेगाः सौजन्या

सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास श्रीमती सौजन्या ने कहा कि कुपोषण मुक्त उत्तराखण्ड के लिए शुरू किये गये गोद अभियान को आगे भी जारी रखा जायेगा। पिछले वर्ष जब यह अभियान शुरू हुआ था, तब राज्य में 1700 अति कुपोषित एवं 12 हजार कुपोषित बच्चे थे। इस अभियान के तहत 9 हजार 177 बच्चों को गोद लिया गया। जिसमें से 2349 बच्चों के ग्रेड में सुधार हुआ है। बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से टेक होम राशन का घरों में वितरण किया जा रहा है। सरकार द्वारा अतिकुपोषित एवं कुपोषित बच्चों को प्रति सप्ताह दो–दो दिन अण्डा, केला एवं दूध दिया गया, इससे भी बच्चों को कुपोषण से सामान्य श्रेणी में लाने में मदद मिली।

# उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में आए 32 प्रस्ताव

**कैबिनेट बैठक**

विधानसभा सत्र के आयोजन पर हुई चर्चा

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में गुरुवार को विधानसभा सत्र के आयोजन पर चर्चा हुई। कई राज्यों में एक दिन का सत्र हुआ। ऐसे में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत उत्तराखंड में एक दिन के सत्र किए पर शुक्रवार को फैसला लेंगे। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 32 प्रस्ताव आए। 30 फैसलों पर मुहर लगी, जबकि एक बिंदु को वापस लिया गया और एक बिंदु पर कैबिनेट की सब कमेटी बनी।

इन प्रस्तावों में विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष खुद इनकम टैक्स भरेंगे, पुलिस घुड़सवार नियमावली को मंजूरी मिली, उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय का नाम माधोसिंह भंडारी के नाम पर होगा। इसके अलावा पेयजल निगम के सलाहकार के एमडी पद के लिए नियमावली बनी, संस्कृति निदेशालय महानिदेशक के पद को किया गया सृजित, लोक निर्माण विभाग में संविदा कनिष्ठ अभियंता का वेतन बढ़ाकर 15 हजार से 24 हजार किया गया।

**इन फैसलों पर भी लगी मुहर**

- ■ पूर्व सैनिकों में जेसीओ रेंक से नीचे वाले या उनकी विधवाओं को हाउस टैक्स में मिली माफी।
- ■ एमएसएमई में केंद्र के बदलाव को राज्य्य ने किए लागू।
- ■ कोविड –19 में स्कूल बसों और मालवाहक वाहनों के परमिट नवीनीकरण में तीन महीने के टैक्स को मिलेगी छूट।
- ■पूर्व सैनिकों में जेसीओ रेंक से नीचे वाले या उनकी विधवाओं को हाउस टैक्स में मिली माफी।
- ■एमएसएमई में केंद्र के बदलाव को राज्य्य ने किए लागू।
- ■कोविड –19 में स्कूल बसों और मालवाहक वाहनों के परमिट नवीनीकरण में तीन महीने के टैक्स को मिलेगी छूट।
- ■केदारनाथ पैदल मार्ग में भूमि अधिग्रहण के बदले जमीन का भूमि अधिकार देने को मंजूरी।
- ■सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने और जुर्माने के प्रवाधान को लाया जाएगा विधेयक
- ■मसूरी में राज्य अतिथि ग्रह के लिए राधा भवन की भूमि अधिग्रहण पर कैबिनेट ने किया मना।

### एनएसयूआइ ने राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में एनएसयूआइ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्त्घ्ताओं ने लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने पर आक्रोश जताया। कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो राज्य्यभर में आंदोलन किया जाएगा। एनएसयूआइ कार्यकर्त्ता गुरुवार को कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ बेरोजगारी को लेकर नारेबाजी करते हुए मार्च निकाला। जहां दर्शनलाल चौक पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया गया जिसके बाद कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए। मौके पर तहसीलदार पहुंचे व उन्हें राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद कार्यकर्त्ता वापस लौटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में लंबित पड़ी प्राध्यापक, एलटी, समूह–ग, वन दरोगा, फॉरेस्ट गार्ड, समीक्षा अधिकारी, ग्रुप–डी,पीसीएस की भर्तियों के नाम बेरोजागरों को निराश किया जा रहा है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।